दैनिक
# जयवर्द्धन

पत्र पंजीयन संख्या RJBIL/26/A5478

वर्ष - 01 | अंक - 47 | राजसमंद - मंगलवार, 08 सितम्बर 2026 | मूल्य - 2 रुपया | मो.- 96729 80901 | पृष्ठ - 4

पेज 4 पर पढ़े - स्वतंत्रता सेनानी देवेंद्र काका की 20वीं पुण्यतिथि




## नगर निकाय आम चुनाव-2026 : पर्यवेक्षक ऋषभ मंडल ने ली निर्वाचन अधिकारियों की बैठक

**- निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के दिए निर्देश, चर्चा कर तैयारियों को परखा**

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** नगरीय निकाय चुनाव 2026 के तहत नियुक्त पर्यवेक्षक आईएएस ऋषभ मंडल ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा, एसपी हेमंत कलाल, एडीएम राजकुमार कस्वा, नाथद्वारा मंदिर मण्डल सीईओ जितेंद्र पाण्डे, एडिशनल एसपी महेंद्र पारीक सहित सभी रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी, पुलिस के अधिकारी मौजूद थे। बैठक के दौरान पर्यवेक्षक ऋषभ मंडल ने निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों से उनके क्षेत्र में की जा रही तैयारियों की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जाए। उन्होंने अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं की सतत निगरानी रखने तथा प्राप्त शिकायतों एवं सूचनाओं का नियमानुसार त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पर्यवेक्षक ने मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाओं, कार्मिकों की उपलब्धता, कानून एवं व्यवस्था, आदर्श आचार संहिता की पालना तथा संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए मतदान प्रक्रिया के दौरान मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने देने के निर्देश दिए।



### नगरीय निकाय चुनाव 2026 : पर्यवेक्षक आईएएस ऋषभ मंडल पहुंचे राजसमंद

नगरीय निकाय चुनाव 2026 अंतर्गत जिले के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक आईएएस ऋषभ मंडल राजसमंद पहुंचे। निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने तथा आमजन को सुगम मतदान व्यवस्था उपलब्ध कराने की दृष्टि से पर्यवेक्षक द्वारा निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं की निगरानी की जा रही है। आमजन नगरीय निकाय चुनाव से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत, सुझाव अथवा फीडबैक पर्यवेक्षक को दे सकते हैं।

इसके लिए आमजन 9829555562 मोबाइल नंबर पर संपर्क कर अपनी शिकायत अथवा फीडबैक दर्ज करा सकते हैं। पर्यवेक्षक द्वारा निर्वाचन से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी ली जा रही है। साथ ही निर्वाचन आयोग के निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने, आदर्श आचार संहिता के प्रभावी क्रियान्वयन तथा मतदान प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

## महंगाई बढ़ी, खर्चे बढ़े लेकिन मानदेय वही पुराना: विद्या संबल योजना में मानदेय बढ़ाने की उठी मांग

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए शुरू की जा रही विद्या संबल योजना के तहत मानदेय में बढ़ोतरी न होने पर राजस्थान राज्य सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी महासंघ ने चिंता जताई है। महासंघ ने सरकार को पत्र भेजकर वर्तमान महंगाई के अनुसार मानदेय बढ़ाने की मांग की है। महासंघ के संभाग महामंत्री प्रभु गिरि गोस्वामी ने कहा कि वर्ष 2021 में गेस्ट फैकल्टी के लिए आवेदन मांगे गए थे और स्कूलों में मेरिट भी तैयार की गई थी, लेकिन प्रक्रिया नियुक्ति तक नहीं पहुंच सकी। अब 5 साल बाद फिर से इसी योजना के तहत प्रक्रिया शुरू की जा रही है, लेकिन मानदेय पुराना ही रखा गया है, जो तर्कसंगत नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में महंगाई और आवागमन के खर्च में भारी बढ़ोतरी हुई है, ऐसे में पुराने मानदेय पर कार्य करना बेहद चुनौतीपूर्ण है। साथ ही उन्होंने विद्यालयों में शिक्षकों की कमी के स्थाई समाधान के लिए नियमित पदों पर भर्ती प्रक्रिया को तेज करने की बात कही। महासंघ जिलाध्यक्ष घनश्याम जोशी तथा जिला महामंत्री सत्यनारायण व्यास ने कहा कि अतिथि शिक्षक केवल अध्यापन कार्य ही नहीं करते, बल्कि विद्यार्थियों के शैक्षणिक भविष्य को संवारने की जिम्मेदारी निभाते हैं, इसलिए उनके मानदेय में तत्काल वृद्धि की जानी चाहिए। इस दौरान जिला संगठन मंत्री राधेश्याम शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष परमेश्वर आचार्य, उपाध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल, मंत्री शिवलाल खींची, त्रिलोकी मोहन पुरोहित, कोषाध्यक्ष बंसीलाल रांका, शंकरलाल भाटी, अनिल परियानी, छगनलाल पालीवाल और सुरेश जोशी सहित महासंघ पदाधिकारियों ने भी सरकार से मानदेय बढ़ाने की पुरजोर मांग की।

## भीम थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई: प्ले बॉय जॉब और एस्कॉर्ट सर्विस के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 11 शातिर आरोपी गिरफ्तार

**- आईफोन सहित 20 लग्जरी स्मार्टफोन, एटीएम कार्ड, 3 पीओएस मशीनें और वारदात में प्रयुक्त लग्जरी फ्रोंक्स कार बरामद**

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** एसपी हेमंत कलाल के निर्देशन में एएसपी महेंद्र पारीक एवं भीम डीएसपी राकेश वर्मा के सुपरविजन तथा थानाधिकारी भीम दिलीप खदाव के नेतृत्व में जिला पुलिस ने साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने प्ले बॉय जॉबश्, एस्कॉर्ट सर्विस और पार्ट-टाइम जॉब के नाम पर देशभर के युवाओं से करोड़ों रुपये की ऑनलाइन ठगी करने वाले एक बड़े संगठित साइबर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 11 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से आईफोन व वनप्लस सहित 20 लग्जरी स्मार्टफोन, विभिन्न बैंकों के एटीएम व डेबिट कार्ड, 3 पीओएस मशीनें तथा वारदात में प्रयुक्त एक लग्जरी मारुति फ्रोंक्स कार बरामद की है। घटनाक्रम के अनुसार रविवार को भीम थाना पुलिस को विशेष मुखबिर से गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि कस्बा भीम के धर्मेशपुरी क्षेत्र में कुछ संदिग्ध युवक एकत्रित होकर फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल और ऑनलाइन आईडी के माध्यम से व्यापक स्तर पर साइबर ठगी की गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। सूचना की संवेदनशीलता को देखते हुए एसपी के निर्देश पर थानाधिकारी दिलीप खदाव के नेतृत्व में गठित विशेष पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बताई गई जगह की घेराबंदी की। पुलिस ने मौके से संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त 11 युवकों को डिटेन किया। संदिग्धों के मोबाइल फोन, डिजिटल वॉलेट और खातों की गहन जांच करने पर एक संगठित अंतरराज्यीय साइबर ठगी नेटवर्क का खुलासा हुआ। आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त तकनीकी व भौतिक साक्ष्य मिलने पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।



### सुंदर युवतियों की तस्वीरें डाउनलोड कर बनाते फर्जी प्रोफाइल

पुलिस जांच में सामने आया कि गिरोह के सदस्य टेलीग्राम, स्नैपचैट, इंस्टाग्राम और अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर मॉडल्स तथा सुंदर युवतियों की तस्वीरें डाउनलोड कर फर्जी प्रोफाइल बनाते थे। इसके बाद वे युवाओं को प्ले बॉय जॉब, स्कॉर्ट सर्विस, पार्ट-टाइम जॉब और वीवीआईपी महिला क्लाइंट उपलब्ध कराने का झांसा देते थे। घर बैठे प्रतिदिन हजारों रुपये कमाने का लालच देकर पीड़ित युवाओं से रजिस्ट्रेशन फीस, सिक्योरिटी डिपॉजिट, मेडिकल फीस और कमीशन के नाम पर किस्तों में मोटी रकम ऐंठते थे। ठगी की राशि प्राप्त करने और उसे तुरंत ठिकाने लगाने के लिए आरोपी म्यूल बैंक खातों, फर्जी डिजिटल वॉलेट जैसे फेपे और मोबिक्विक तथा पीओएस मशीनों का इस्तेमाल कर नकदीकरण करते थे। मामले में गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान हर्षवर्धन सिंह निवासी न्यू विजय कॉलोनी भीम, चिरंजीत उर्फ चिराग निवासी धोलीघाटी भीम, हरभजन सिंह उर्फ बबलू निवासी डूंगाजी का गांव भीम, प्रवीण कुमार निवासी धर्मेशपुरी भीम, कालू सिंह निवासी इंडिया की तलाई भीम, उदयसिंह निवासी इंडिया की तलाई भीम, दिनेश कुमार निवासी धोती भीम, महेंद्र सिंह उर्फ नरेंद्र सिंह निवासी बस स्टैंड भीम, भूपेंद्रसिंह निवासी धर्मेशपुरी भीम, उत्तम सेन निवासी नाइयों की मगरी भीम और हरजीत सिंह उर्फ छोटू उर्फ अनुराग निवासी हिंडोला भीम के रूप में हुई है।

### राजसमंद पुलिस की आमजन से अपील

सोशल मीडिया पर प्ले बॉय जॉब, एस्कॉर्ट सर्विस या कम समय में बिना मेहनत के मोटी कमाई के लुभावने विज्ञापनों के झांसे में न आएं। किसी भी अनजान व्यक्ति या प्लेटफॉर्म को किसी भी शुल्क के नाम पर ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर न करें। यदि आप किसी भी प्रकार की साइबर ठगी का शिकार होते हैं, तो बिना देरी किए तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं। समय पर दी गई सूचना से ठगी गई राशि को बैंक खातों में होल्ड करवाने की संभावना बढ़ जाती है।

## संपर्क पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

**- हरियालो राजस्थान अभियान में निर्धारित लक्ष्य 100 प्रतिशत पूर्ण कर अधिकाधिक पौधारोपण सुनिश्चित करें - हसीजा**



राजसमंद। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक को संबोधित करते जिला कलक्टर अरूण कुमार हसीजा।

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने सोमवार को जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों और हरियालो राजस्थान अभियान की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बृजमोहन बैरवा, उपखंड अधिकारी ओमप्रभा सहित जिला स्तरीय अधिकारी कलेक्ट्रेट सभागार में मौजूद थे। वहीं सभी उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक से जुड़े। जिला कलक्टर ने संपर्क पोर्टल की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि पोर्टल पर दर्ज सभी शिकायतों का निर्धारित समयावधि में निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक प्रकरण का निस्तारण केवल औपचारिकता तक सीमित नहीं रहे, बल्कि शिकायतकर्ता को संतुष्टिपूर्ण एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करते हुए प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने तथा विभागीय स्तर पर प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होने ने कहा कि जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए अधिकारी व्यक्तिगत रुचि लेकर प्रकरणों का परीक्षण करें और जहां आवश्यक हो, मौके पर जाकर समस्या का समाधान सुनिश्चित करें। जिला कलक्टर ने अभियान के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों की विभागवार प्रगति की जानकारी लेते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को लक्ष्य 100 प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में पौधारोपण गतिविधियों को व्यापक स्तर पर संचालित करते हुए अधिकाधिक पौधरोपण किया जाए। पौधारोपण के साथ ही लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि अभियान का स्थायी एवं प्रभावी परिणाम सुनिश्चित हो सके। उन्होंने संबंधित विभागों एवं स्थानीय स्तर के अधिकारियों को आपसी समन्वय से अभियान को गति देने के निर्देश दिए।

## विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर निःशुल्क परामर्श शिविर आज

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर शहर के 100 फीट रोड स्थित डॉ यशपाल राजपुरोहित के फिजियोथेरेपी क्लीनिक पर निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर मंगलवार सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगा। शिविर के दौरान किसी भी प्रकार के शारीरिक दर्द, जोड़ों के दर्द, नसों की समस्या या अन्य शारीरिक व्याधियों के बचाव एवं उपचार के लिए आमजन निःशुल्क फिजियोथेरेपी परामर्श प्राप्त कर सकते हैं।

## जयवर्द्धन सम्पादकीय

### हमारी आंगनबाड़ी, हमारी जिम्मेदारी

2047 का विकसित भारत उन बच्चों के हाथों से बनेगा, जो अभी स्कूल की दहलीज तक भी नहीं पहुंचे हैं। स्वस्थ और सक्षम बनने की उनकी यात्रा की सबसे महत्वपूर्ण नींव जीवन के पहले एक हजार दिनों में ही रखी जाती है। करोड़ों भारतीय बच्चों और माताओं के लिए इस सफर का भरोसेमंद सहारा उनके आसपास ही मौजूद है- आंगनबाड़ी। स्कूल जाने से बहुत पहले बच्चे का वजन और लंबाई आंगनबाड़ी में मापी जाती है। वहीं उसे गरम पका भोजन और घर के बाहर की दुनिया से जुड़ने का पहला अवसर मिलता है, और गर्भवती मां को पोषण से जुड़ी पहली सलाह भी। देशभर के लगभग 14 लाख आंगनबाड़ी केंद्र 8.9 करोड़ से अधिक बच्चों, महिलाओं और किशोरियों तक पहुंच रहे हैं, और इन्हें चलाने वाली 25.2 लाख कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं उसी समाज से आती हैं, जिसकी वे सेवा करती हैं। आंगनबाड़ी हमारे समाज से अलग कोई व्यवस्था नहीं, हमारे अपने पड़ोस का हिस्सा है।

मार्च 2018 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पोषण अभियान की शुरुआत कर इसी परिचित व्यवस्था को देशव्यापी जनआंदोलन की मजबूत नींव बनाया। तब से हर सितंबर राष्ट्रीय पोषण माह और हर मार्च पोषण पखवाड़ा पोषण का संदेश देश के कोने-कोने तक पहुंचाने का माध्यम बने हैं। इस वर्ष 9वां राष्ट्रीय पोषण माह नौ सितंबर 2026 से 'हमारी आंगनबाड़ी, हमारी जिम्मेदारी' थीम के साथ शुरू हो रहा है। गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है और इस दिशा में हमारा संकल्प मजबूत है। साथ ही इन सेवाओं का प्रभाव तब और बढ़ता है, जब समुदाय आंगनबाड़ी को अपना मानता है। प्रधानमंत्री जी ने भी कहा है कि विकसित भारत का निर्माण सबके प्रयास से होगा।

इस वर्ष सामुदायिक भागीदारी को एक व्यवस्थित रूप दिया जा रहा है। आंगनाबाड़ी प्रबंधन समितियां माता-पिता, पंचायत प्रतिनिधियों और स्वयं सहायता समूहों को केंद्र के संचालन से जोड़ती हैं। वे देख सकते हैं कि बच्चों को क्या परोसा जा रहा है, हर हकदार बच्चे तक सेवाएं पहुंच रही हैं या नहीं, और केंद्र को बेहतर बनाने के लिए किस सहयोग की आवश्यकता है। इसे प्रभावी बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है-सोशल आडिट, जो समुदाय को अपनी आंगनबाड़ी की समीक्षा करने और सामने आने वाली बातों के आधार पर सुधार की दिशा तय करने का अवसर देता है। जिस केंद्र से बच्चों और माताओं का जीवन जुड़ा है, उसकी गुणवत्ता बनाए रखने में उन्हीं परिवारों की भागीदारी सबसे स्वाभाविक है। इस पूरी प्रक्रिया के केंद्र में मां है, और उसके हाथ में पारदर्शिता का सरल माध्यम है-मेन्यू बोर्ड। हर केंद्र पर लगा यह बोर्ड गरम पके भोजन और टेक-होम राशन का दिन-वार विवरण परिवारों के सामने रखता है। जब एक मां जानती है कि उसके बच्चे को क्या मिलना चाहिए और केंद्र के साथ संवाद कर यह सुनिश्चित करती है कि उसे तय मात्रा और गुणवत्ता के अनुसार भोजन मिले तो पारदर्शिता रोजमर्रा की व्यवस्था बन जाती है। पोषण माह 2026 इसी भागीदारी को जमीन पर उतारने का अवसर है। जहां प्रबंधन समितियां गठित नहीं हुई हैं, वहां उनका गठन किया जाएगा, जहां मौजूद हैं, वहां उनकी पहली बैठकें और सोशल आडिट होंगे। हर केंद्र पर मेन्यू बोर्ड लगेगा। तिथि भोज और स्वस्थ व्यंजनों के प्रदर्शन जैसे आयोजन परिवारों, पंचायतों और स्वयं सहायता समूहों को आंगनबाड़ी के और करीब लाएंगे। आंगनबाड़ी सेवाओं की पहली कसौटी है-पौष्टिक भोजन, जो संतुलित और विविधतापूर्ण भी हो, अनाज और श्री अन्न, दालें, मेवे और बीज, दूध और दुग्ध उत्पाद, अंडा, मौसमी फल तथा हरी सब्जियां।

# इको-फ्रेंडली पहल के साथ 14 से सजेगा गणेश महोत्सव :

## - पर्यावरण संरक्षण की मिसाल : पीओपी पर रोक, मेटल और मिट्टी की मूर्तियों पर जोर - 13 सितंबर को आतिशबाजी के साथ होगा बप्पा का भव्य स्वागत

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले बहुप्रतीक्षित गणेश चतुर्थी महोत्सव को लेकर प्रशासनिक और सामाजिक स्तर पर तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलेक्टर अरुण कुमार हसीजा की अध्यक्षता एवं एडीएम राजकुमार कस्वा की मौजूदगी में हुई बैठक में पर्यावरण संरक्षण, कानून व्यवस्था और धार्मिक परंपराओं के सुचारू निर्वहन को लेकर कई ऐतिहासिक फैसले लिए गए। बैठक के दौरान जिला कलेक्टर अरुण कुमार हसीजा ने एनजीटी के दिशानिर्देशों का हवाला देते हुए झील और जल स्रोतों में प्रदूषण रोकने के लिए पीओपी व केमिकल युक्त रंगों से बनी मूर्तियों के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध की बात कही। उन्होंने अपील की कि गणेश चतुर्थी से अनंत चतुर्दशी तक चलने वाले इस महोत्सव में केवल मिट्टी या धातु (मेटल) की प्रतिमाएं ही स्थापित की जाएं। कलेक्टर ने सर्राफा संघ, मराठा संघ और धोईंदा के आयोजकों की सराहना की, जो वर्षों से मेटल की प्रतिमाएं स्थापित करते आ रहे हैं। ये संगठन 10 दिनों के पूजन के बाद गाजे-बाजे से शोभायात्रा निकालकर मूर्ति को केवल प्रतीक रूप से जल स्नान कराते हैं और पुनः मंदिर या सुरक्षित स्थान पर रख देते हैं। कलेक्टर ने अन्य सभी सामाजिक व धार्मिक संगठनों से इस मॉडल को अपनाने का आग्रह किया। बैठक में नगर परिषद आयुक्त विजेश मंत्री, पूर्व चेयरमैन दिनेश पालीवाल, चम्पालाल माली, गिरीश पालीवाल, कैलाश भोई, बंशीलाल माली, आनंद पालीवाल, मुरली भोई, राकेश बड़ाला, राजू भाई, मिठ्ठालाल साहू, सहित विभिन्न आयोजन समिति के पदाधिकारी मौजूद थे।



राजसमंद। आगामी दिनों आयोजित होने वाले गणेश महोत्सव की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक को सम्बोधित करते जिला कलेक्टर अरुण कुमार हसीजा।

### कानून व्यवस्था के मद्देनजर 13 सितंबर को होगी बप्पा की अगवानी

14 सितंबर को गणेश चतुर्थी के साथ-साथ निकाय चुनाव की मतगणना भी प्रस्तावित है। शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पूर्व पार्षद और श्रीकृष्ण ग्रुप के आयोजक चंपालाल माली के सुझाव पर कलेक्टर ने 13 सितंबर को ही बप्पा के स्वागत कार्यक्रम की अनुमति प्रदान की। 13 सितंबर शाम 7 बजे नर्मदाश्वर महादेव परिसर फव्वारा चौक, राजनगर में डीजे की धुनों और भव्य रंगीन आतिशबाजी के साथ गणेश प्रतिमाओं का स्वागत किया जाएगा। इसके बाद सभी संघ व समूह अपने-अपने जुलूस के साथ प्रतिमाओं को पांडालों में विराजित करेंगे।

### नगर परिषद का 5 दिवसीय कार्यक्रम

नगर परिषद आयुक्त विजेश मंत्री ने घोषणा की कि इस बार परिषद द्वारा भी महोत्सव में मेटल की ही प्रतिमा स्थापित की जाएगी। परिषद की ओर से आयोजित 5 दिवसीय कार्यक्रमों की तैयारियां शुरू कर दी है। मंत्री ने बताया कि परिषद की ओर से 13 सितंबर भादवी बीज पराजनगर कलालवाटी में विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। वहीं 14 सितंबर गणेश चतुर्थी पर आयोजित होने वाले पांच दिवसीय गणेश चतुर्थी महोत्सव के तहत आयोजन स्थल अरविंद स्टेडियम में गणेश प्रतिमा की विधिवत स्थापना तथा रात्रि में पारंपरिक गवरी का मंचन किया जाएगा। रात्रिकालिन कार्यक्रमों की कड़ी में 15 सितंबर को भजन संध्या, 16 को देशभक्ति एवं रंगारंग सांस्कृतिक संध्या, 17 को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन, 18 सितंबर को दोपहर 12 बजे शोभायात्रा के साथ विसर्जन कार्यक्रम होगा। प्रशासन की इस पहल और स्थानीय मंडलों के सहयोग से इस बार राजनगर में गणेशोत्सव पर्यावरण अनुकूल और अधिक भव्य रूप में मनाया जाएगा।

# सुरेश चरनाल बने स्ट्रॉन्ग मैन ऑफ राजस्थान

जयवर्द्धन न्यूज़

### राजसमंद के पहलवानों ने जीते 12 गोल्ड व सिल्वर मेडल

**राजसमंद।** आलोक स्कूल में खेल जगत एसोसिएशन राजस्थान के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में जिले के पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में जिले के पावरलिफ्टर मास्टर सुरेश चरनाल ने स्ट्रॉन्ग मैन ऑफ राजस्थान का खिताब अपने नाम किया। पावरलिफ्टिंग संघ सचिव हरीश चरनाल और प्रतियोगिता समन्वयक धर्मेंद्र अनोखा ने बताया कि सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर मास्टर्स वर्ग की इस प्रतियोगिता में सुरेश चरनाल ने 95 किलोग्राम भार वर्ग में 180 किलोग्राम भार उठाकर यह प्रतिष्ठित खिताब हासिल किया।



राजसमंद। आलोक स्कूल में आयोजित राज्य स्तरीय पावरलिफ्टर चैंपियनशिप में गोल्ड व सिल्वर मेडल जितने पर सम्मानित करते अतिथि।

प्रतियोगिता में जिले की टीम ने कुल 12 मेडल जीतकर अपनी श्रेष्ठता साबित की। विभिन्न श्रेणियों में महिला वर्ग के 55 किग्रा भार वर्ग में भाग्यश्री ने 60 किग्रा भार उठाकर 2 गोल्ड, 70 किग्रा भार वर्ग में प्रदीप गारू ने 245 किग्रा उठाकर 2 गोल्ड और 63 किग्रा भार वर्ग में कमलेश सांचीहर ने 220 किग्रा भार उठाकर 2 गोल्ड मेडल प्राप्त किए। इसी तरह 60 किग्रा सब-जूनियर वर्ग में ईशान कुमावत ने 140 किग्रा उठाकर सिल्वर, 67 किग्रा जूनियर वर्ग में पवन सेन ने 120 किग्रा उठाकर सिल्वर तथा सब-जूनियर 60 किग्रा भार वर्ग में दक्ष कलोसिया ने सिल्वर मेडल हासिल किया। प्रतियोगिता से लौटने पर जिला मुख्यालय स्थित श्रीबालकृष्ण विद्याभवन राउमावि कांकरोली के प्रांगण में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा के खेल सचिव मुकेश पालीवाल थे जबकि अध्यक्षता उप जिला शिक्षा अधिकारी विद्याधर सालवी ने की। इस दौरान राकेश सांचीहर, द्वारकेश राष्ट्रीय व्यायाम शाला के उस्ताद कैलाश सांचीहर, लोकेश सांचीहर, संतोष खंडेलवाल, गोविंद गुर्जर, अशोक सेन, जिला खेल अधिकारी धर्मदेव सिंह, जिलाध्यक्ष राजेंद्र टांक, बॉडी बिल्डिंग संघ के बीआर वैष्णव तथा अंतरराष्ट्रीय कुश्ती प्रशिक्षक लीलाधर पालीवाल सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# जिला माहेश्वरी महिला संगठन की प्रथम कार्यकारिणी बैठक संपन्न




जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** जिला माहेश्वरी महिला संगठन राजसमंद के सत्र 2026-29 की प्रथम कार्यकारिणी बैठक संगठन संकल्प का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष चंदा देवपुरा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलन एवं महेश वंदना के साथ किया। मंत्री सीमा ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करने के बाद उपस्थित सभी बहनों का परिचय एवं सम्मान किया गया। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष चंदा ने संगठन की एकजुटता, सक्रियता और मजबूती पर विशेष जोर दिया। उन्होंने सभी बहनों से संगठन के उद्देश्यों को सेवा भावना के साथ आगे बढ़ाने का आह्वान किया। जिला सचिव राजकुमारी लड्ढा ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए संगठन के द्वारा किए गए पूर्व कार्यों तथा आगामी गतिविधियों की जानकारी दी। कोषाध्यक्ष राजू बाहेती ने आय-व्यय का ब्योरा सदन के समक्ष रखा। विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष सरोज गट्टानी ने श्रृंखला बद्ध संगठन के तहत रिपोर्टिंग क्यों और कैसे करनी चाहिए, विषय पर मार्गदर्शन प्रदान करते हुए नियमित एवं प्रभावी रिपोर्टिंग के महत्व को समझाया। मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पुष्पा राठी ने संगठन का महत्व एवं संगठन के बारे में जानकारी देते हुए महिलाओं से संगठन के साथ अधिक से अधिक जुड़कर एकजुट होकर सामाजिक कार्यों में सहभागिता करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बहनों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। संचालन जिला सचिव राजकुमारी लड्ढा ने किया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ सुशीला असावा, लीला लाहोटी, सुधा राठी, जिला पदाधिकारी प्रेम मंत्री, सीमा मंत्री, मंजू मूंदड़ा, कला सोनी सहित पदाधिकारी मौजूद थे।

# जर्जर स्कूल भवन और पेयजल संकट से परेशान ग्रामीणों ने तहसील में दिया ज्ञापन

जयवर्द्धन न्यूज़

### प्रशासन से उठाई त्वरित समाधान की मांग

**देलवाड़ा।** तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत नेडच के कोटा का वाला गांव में करीब 50 से 60 आदिवासी परिवार लंबे समय से बुनियादी सुविधाओं के अभाव से जूझ रहे हैं। गांव में संचालित राप्रावि के जर्जर भवन और लंबे समय से गहराए पेयजल संकट को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। समस्याओं के स्थायी समाधान की मांग को लेकर ग्रामीणों ने एकजुट होकर देलवाड़ा तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। गांव के प्राथमिक विद्यालय भवन की स्थिति अत्यंत चिंताजनक बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार स्कूल के दोनों कमरों की छत का प्लास्टर टूट-टूट कर नीचे गिर रहा है। सुरक्षा के मद्देनजर एक कमरे को बंद कर दिया गया है, जबकि दूसरे कमरे में ही कक्षा 1 से 5वीं तक के बच्चों को बैठाकर पढ़ाया जा रहा है। दूसरे कमरे की छत में भी लोहे के सरिये स्पष्ट नजर आ रहे हैं, जिससे हर समय हादसे का अंदेशा बना रहता है। इसके साथ ही पेयजल आपूर्ति के लिए गांव में लगे दोनों हैंडपंप काफी समय से खराब पड़े हैं। जल जीवन मिशन के तहत नलों के कनेक्शन तो दिए गए हैं, लेकिन आपूर्ति तीन दिन में केवल एक बार ही की जाती है, जो दैनिक आवश्यकताओं के लिए नाकाफी है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि खराब हैंडपंपों की मरम्मत करा दी जाए तो उन्हें बड़ी राहत मिल सकती है। अधिकांश ग्रामीण मजदूरी के लिए प्रतिदिन उदयपुर और राजसमंद जाते हैं, ऐसे में बार-बार प्रशासनिक कार्यालयों के चक्कर काटना उनके लिए संभव नहीं हो पाता है। मामले को लेकर स्थानीय निवासी पुष्करलाल भील ने बताया कि मजदूरी के कारण अधिकारियों से मुलाकात नहीं हो पाती है, इसलिए राजस्थान संपर्क पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने के साथ तहसील में ज्ञापन सौंपा गया है। देलवाड़ा तहसीलदार हेमंत शर्मा ने बताया कि ग्रामीणों का ज्ञापन प्राप्त हो चुका है और समस्या के त्वरित निस्तारण के लिए शिक्षा विभाग व पीएचईडी को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कमलेंद्र सिंह राणावत के अनुसार पीईईओ की रिपोर्ट पर बच्चों को सुरक्षित स्थान पर बैठाया गया है तथा बजट स्वीकृत होते ही भवन की मरम्मत करवा दी जाएगी। वहीं सरपंच प्रतिनिधि कालूलाल गमेती ने बताया कि विद्यालय की गंभीर स्थिति का मामला पंचायत समिति बैठक में भी उठाया जा चुका है और स्कूल मरम्मत व हैंडपंपों को जल्द दुरुस्त करवाना बेहद आवश्यक है।



# सात दिवसीय स्वास्थ्य व आध्यात्मिक शिविर का शुभारंभ

## - डॉ गोपाल शास्त्री बोले - तप, सेवा और सुमिरन की विधा स्वयं भगवान शिव की देन

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर साइंटिफिक स्पिरिचुअलिज्म (आईएएसएस) मेरठ के तत्वावधान में मानस योग साधना पर आधारित पंचम सात दिवसीय स्वास्थ्य व आध्यात्मिक शिविर का शुभारंभ अणुव्रत विश्व भारती में हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ गोपाल शास्त्री ने भगवान श्रीराम एवं गुरुदेव के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। समारोह में आयोजन समिति के संरक्षक जगदीश प्रसाद व्यास, विशिष्ट अतिथि मधुसूदन व्यास, साधक बालमुकुंद तोतला, पुष्पा तोतला, सीमा झंवर, भगवती प्रसाद व्यास और जेसी शर्मा ने डॉ शास्त्री का राजस्थानी साफा व उपरना ओढ़ाकर स्वागत किया। डॉ शास्त्री ने कहा कि मानव देह ईश्वर की विलक्षण कृति है और इसे निरोग रखना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि लोग सुख और स्वास्थ्य दवाइयों में खोजते हैं, जबकि रामचरितमानस में भी उचित आहार और सही दिनचर्या से स्वस्थ रहने तथा आध्यात्मिक विकास का मार्ग बताया गया है। यह विधा स्वयं भगवान शिव की देन है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अधिक भोजन शरीर पर दुष्परिणाम डालता है, इसलिए स्वस्थ रहने के लिए प्राकृतिक वैज्ञानिकता के अनुसार खान-पान को समझना जरूरी है।



राजसमंद। मानस योग साधना पर आधारित सात दिवसीय स्वास्थ्य व आध्यात्मिक शिविर में भाग लेते संभागी।

शिविर के पहले दिन मानव सेवा साधना परिवार की ओर से सभी साधकों के रक्त आदि की जांच की गई। मीडिया प्रभारी कमल किशोर व्यास ने बताया कि इस 7 दिवसीय शिविर में देशभर से आए कई महिला व पुरुष साधक भाग ले रहे हैं। संचालन कमल किशोर व्यास ने किया।

# साइबर सुरक्षित राजस्थान अभियानः विद्यार्थियों को दिए साइबर सुरक्षा और बचाव के टिप्स

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** साइबर अपराध एवं तकनीकी सेवाएं, महानिदेशक पुलिस राजस्थान के निर्देशानुसार एसपी हेमंत कलाल के निर्देशन, एएसपी महेंद्र पारीक के मार्गदर्शन तथा उप अधीक्षक पुलिस व साइबर थानाधिकारी (डीएसपी) दुर्गाप्रसाद दधीच के नेतृत्व में जिले के हॉस्टल एवं कोचिंग संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं तकनीकी विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग और साइबर अपराधों से बचाव की विस्तृत जानकारी दी। सूचना सहायक



दलवीर मीणा ने बताया कि अधिकांश साइबर अपराध सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से हो रहे हैं, इसलिए मजबूत पासवर्ड रखने, टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन का उपयोग करने और किसी भी अज्ञात लिंक या संदिग्ध मैसेज से दूर रहने की आवश्यकता है। प्रोग्रामर खैरुल वसीम ने साइबर ब्लैकमेलिंग, स्टॉकिंग, मॉर्फिंग, ट्रोलिंग, डॉक्सिंग और फर्जी प्रोफाइल के खतरों पर चर्चा करते हुए युवाओं से ऑनलाइन मित्रता करते समय सतर्क रहने, अज्ञात फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करने, सोशल मीडिया अकाउंट को प्राइवेट रखने तथा ब्लैकमेलिंग की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करने का आग्रह किया। उप निरीक्षक उदयलाल ने बताया कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी या साइबर अपराध होने पर तत्काल 1930 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें या राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, क्योंकि समय पर दी गई सूचना से ठगी गई राशि वापस मिलने की संभावना बढ़ जाती है। कार्यक्रम के अंत में विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर दिए और उन्हें सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने का संकल्प दिलाया।

# संत हरिओम भगवान का दो दिवसीय कुंभलगढ़ प्रवास संपन्नः नीलकंठ महादेव और जरगा जी के किए दर्शन

जयवर्द्धन न्यूज़

## सूरजकुंड आश्रम में हुआ संकीर्तन

**कुंभलगढ़।** सद्गुरु समर्थ संत हरिओम भगवान (नांदसा जागीर, रायपुर) के दो दिवसीय कुंभलगढ़ प्रवास के दौरान संत हरिओम भगवान ने अपनी भक्त मंडली के साथ क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन किए और विभिन्न आश्रमों में संकीर्तन का आयोजन किया। प्रवास के प्रथम दिन संत हरिओम भगवान ने पलासमा स्थित पद्मनाथ भगवान मंदिर के गर्भगृह में दर्शन-पूजन किया। मंदिर के पुजारी और मुनीम राणावत द्वारा संत का सत्कार किया गया। तत्पश्चात संत जरगाजी पहुंचे, जहां उन्होंने धूणी पर



आसन ग्रहण किया। वहां श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेव एवं महादेव के दर्शन किए। संत कुंभलगढ़ दुर्ग पहुंचे और नीलकंठ महादेव के दर्शन कर देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना की। संध्या समय सूरजकुंड बरा आश्रम पहुंचने पर भवानी सिंह जड़फा की अगवानी में संत का स्वागत किया गया, जहां उन्होंने रात्रि विश्राम किया। प्रवास के दूसरे दिन रविवार को संत हरिओम भगवान मंडली सहित कीर्तन-भजन करते हुए सूरजकुंड धाम पहुंचे। आश्रम में संत अवधेशानंद महाराज ने गुलाब की माला पहनाकर संत हरिओम भगवान का अगवानी की। कुटिया में आसन ग्रहण करने के पश्चात आयोजित संकीर्तन का दोनों संतों व उपस्थित श्रद्धालुओं ने आनंद लिया। कार्यक्रम के अंत में हरिओम भगवान एवं भक्त मंडली द्वारा अवधेशानंद महाराज को भेंट अर्पण की गई। वहीं अवधेशानंद महाराज ने हरिओम भगवान को वैजयंती माला तथा सूरजकुंड महंत द्वारा फल भेंट कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान अवधेशानंद महाराज ने कहा कि नांदसा जागीर की धरा धन्य है, जिसने समाज को सदा ही महान संत प्रदान किए हैं। इससे पूर्व भी इस कुल में वरद सिंह बावजी तथा गिरधारी सिंह बावजी जैसे महान संत हुए हैं, जिन्होंने अपनी तपस्या से मानवता का कल्याण किया।

# धोइंदा नगर की एबीवीपी कार्यकारिणी घोषितः चिराग लोहार बने नगर मंत्री

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा धोइंदा नगर की आयोजित सांगठनिक बैठक में विद्यार्थियों एवं युवाओं से जुड़े विभिन्न ज्वलंत विषयों पर विचार-विमर्श करते हुए आगामी कार्यक्रमों और गतिविधियों को लेकर कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रांत कार्यसमिति सदस्य गोपाल कुमावत ने विद्यार्थी परिषद के इतिहास, संगठन की विकास यात्रा, कार्यपद्धति तथा छात्र हितों के लिए किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन के विचारों को अंतिम विद्यार्थी तक पहुंचाने और समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक के समापन पर धोइंदा नगर की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें चिराग लोहार को नगर मंत्री



का दायित्व सौंपा गया। वहीं विनोद लोहार, रिया सेन और कुमकुम वैष्णव को नगर सह मंत्री बनाया गया। कार्यकारिणी के अन्य आयामों में विकास पालीवाल को नगर एसएफडी संयोजक तथा लवेश पालीवाल को सहसंयोजक नियुक्त किया गया। तथा कुलदीप लोहार को नगर एसएफएस संयोजक, पिया सेन को नगर आरकेएम संयोजक, देव पालीवाल को नगर खेलो भारत संयोजक, ममता कुमावत को खेलो भारत सहसंयोजक तथा हार्दिक जैन को नगर सोशल मीडिया संयोजक की जिम्मेदारी दी गई। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने नए दायित्वों के साथ एकजुट होकर विद्यार्थी हित और सामाजिक कार्यों को गति देने तथा अधिक से अधिक विद्यार्थियों को परिषद से जोड़ने का संकल्प लिया।

# संक्षिप्त खबरें

## भाजपा की विकासोन्मुखी सोच और सुशासन के संकल्प के साथ जनसंपर्क, विधायक माहेश्वरी ने मांगा समर्थन



राजसमंद। नगर निकाय चुनाव को लेकर जनसंपर्क के तहत भाजपा को वोट देने के लिए प्रेरित करती विधायक दीप्ति माहेश्वरी।

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** नगर परिषद चुनाव-2026 के प्रचार अभियान में विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने वार्ड संख्या 18, 20, 21, 22, 33, 34, 31 एवं 16 में सघन जनसंपर्क किया। उन्होंने घर-घर पहुंचकर क्षेत्रवासियों से आत्मीय संवाद किया और नगर के विकास से जुड़े विषयों पर नागरिकों से चर्चा की। जनसंपर्क के दौरान विधायक माहेश्वरी ने भाजपा की विकासोन्मुखी सोच, सुशासन की प्रतिबद्धता और जनहित को प्राथमिकता देने वाली नीतियों से नागरिकों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जिले के सर्वांगीण विकास के लिए नगर निकाय में ऐसी व्यवस्था आवश्यक है, जो पारदर्शिता, जवाबदेही और जनसुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए विकास कार्यों को गति प्रदान करे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वार्ड में भाजपा के पक्ष में मिल रहा जनसमर्थन जिले को विकसित, स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधायुक्त नगर बनाने के संकल्प को मजबूती प्रदान करता है। नगर के आधारभूत ढांचे, स्वच्छता, नागरिक सुविधाओं और व्यवस्थित विकास को आगे बढ़ाने के लिए भाजपा प्रत्याशियों को समर्थन देने का उन्होंने आग्रह किया। उन्होने क्षेत्रवासियों से अपील की कि विकास और सुशासन की इस यात्रा को निरंतर गति देने के लिए भाजपा प्रत्याशियों को अपना समर्थन और आशीर्वाद दें। उन्होंने कहा कि सामूहिक सहभागिता से राजसमंद के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त होगा। कमल खिलाएं, भाजपा को विजयी बनाएं-भाजपा है तो सुशासन है।

## अमलोई गांव में किडनी पीड़ित परिवार को मिली सहायताः भामाशाह के सौजन्य से आनंदमार्ग सेवा दल ने दी राहत

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** राज्यावास ग्राम पंचायत के अमलोई गांव में किडनी बीमारी से जूझ रहे एक जरूरतमंद परिवार को आनंदमार्ग सेवा दल द्वारा आर्थिक सहायता और राशन सामग्री उपलब्ध कराई गई है। यह सहयोग कानपुर निवासी भामाशाह विवेक सूर्यवंशी के आर्थिक सौजन्य से प्रदान किया गया। सोमवार सुबह आनंदमार्ग सेवा दल की सदस्य आनंदमयी और अनुपम खिलनानी पीड़ित शंकरलाल भाट के घर पहुंचे और उन्हें राहत सामग्री सौंपी। उल्लेखनीय है कि शंकरलाल की दोनों किडनियां खराब हैं, जिसके चलते उन्हें नियमित रूप से उपचार के लिए उदयपुर जाकर डायलिसिस करवाना पड़ता है। घर के मुखिया के लंबे समय से



अस्वस्थ होने और आय का कोई अन्य साधन न होने के कारण परिवार बेहद विकट आर्थिक परिस्थितियों से गुजर रहा है। परिवार की इस मजबूरी को देखते हुए आनंदमार्ग सेवा दल पिछले कई वर्षों से लगातार उन्हें खाद्य सामग्री व आर्थिक संबल पहुंचा रहा है, जिससे पीड़ित परिवार को बड़ी राहत मिल रही है।

## डुंगावास स्कूल के खिलाड़ियों को मिली 18 खेल गणवेशः ग्रामीणों ने 7 हजार 650 रुपए का सहयोग देकर बढ़ाया हौसला



जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** भीम उपखंड के राउप्रावि डुंगावास की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए ग्रामीणों और अभिभावकों ने एक सराहनीय पहल की है। जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग ले रहे 11 से 14 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभावान खिलाड़ियों के लिए ग्रामीणों ने 7 हजार 650 रुपए की लागत से 18 खेल गणवेश (स्पोर्ट्स किट) उपलब्ध करवाई हैं। इन गणवेशों पर खिलाड़ियों के चेस्ट नंबर और विद्यालय का नाम अंकित करवाया गया है। विद्यालय विकास समिति अध्यक्ष धर्मीचंद भाट, कार्यवाहक संस्था प्रधान सीता योगी और खेल प्रभारी शिक्षक कैलाश चंद सामोता के प्रयासों से भामाशाहों व ग्रामीणों को प्रेरित किया गया। एसएमसी अध्यक्ष धर्मीचंद भाट ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहन मिलना बेहद जरूरी है।

उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उन्हें खेलकूद गतिविधियों में भाग लेने के लिए निरंतर प्रेरित करने का आह्वान किया। इस दौरान अभिभावक महेंद्र कुमार सालवी, गोमती बाई, गुड़िया, दीपा सालवी, वसीम अकरम, सुनीता मीणा, प्रसन्न गुर्जर, मंजू स्वामी सहित स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### इंद्रदेव व वरुण देव को दी आहुतियां: अच्छी बरसात की कामना के लिए देलवाड़ा में हुआ हवन-पूजन



जयवर्द्धन न्यूज

**देलवाड़ा।** कस्बे में सोमवार को बस स्टैंड स्थित पालेरा तालाब की पाल पर अच्छी बारिश की कामना को लेकर लगभग दो घंटे तक विशेष हवन-पूजन के आयोजन में कस्बे के अर्जुनसिंह और गणेशलाल ने अपनी-अपनी पत्नियों के साथ मुख्य यजमान के रूप में हवन कुंड में बैठकर इंद्रदेव और वरुण देव के नाम से आहुतियां दीं। यह धार्मिक अनुष्ठान पंडित भवानी शंकर जोशी और अशोक जोशी के आचार्यत्व में विधि-विधान से संपन्न कराया गया। क्षेत्र में अब तक पर्याप्त बारिश नहीं होने से पालेरा तालाब खाली पड़ा है और खेतों में खड़ी फसलें सूखने की कगार पर पहुंच गई हैं। इसी चिंता को देखते हुए ग्रामीणों ने यह आयोजन किया। हवन यज्ञ में कस्बे के कई प्रबुद्धजनों और ग्रामीणों ने आहुतियां दीं। अनुष्ठान के अंत में महाआरती की गई और मौजूद श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया।

### सेशन के दिन लाभार्थी को 4 की मैसेज देना बेहद जरूरी: देलवाड़ा में माता बैठक का आयोजन



जयवर्द्धन न्यूज

**देलवाड़ा।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा अर्पण सेवा संस्थान और यूनिसेफ के सहयोग से संचालित जीरो डोज परियोजना के तहत सब सेंटर नेडच की भील बस्ती में माता बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में टीकाकरण के प्रति जागरूकता फैलाने और नियमित प्रतिरक्षण को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक प्रकाशचंद्र खटीक ने माताओं को सेशन के दिन चार प्रमुख संदेश देने की आवश्यकता बताई। इस दौरान एएनएम मीना ने नियमित टीकाकरण के साथ स्वच्छता का महत्व समझाया। कार्यक्रम में आशा कार्यकर्ता नीता शर्मा, मां-बाड़ी संचालक और स्थानीय माताएं मौजूद थी।

### सरसुनियां स्कूल में गोवर्धन सिंह ने भेंट किया डीजे सिस्टम

जयवर्द्धन न्यूज

**खमनोर।** राउप्रावि सरसुनियां में बालकों के उत्सवों व सांस्कृतिक कार्यक्रमों को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से भामाशाह द्वारा सराहनीय पहल की गई है। भामाशाह गोवर्धन सिंह पुत्र कालू सिंह ने विद्यालय को एक डीजे सिस्टम भेंट किया है। विद्यालय परिसर में डीजे सिस्टम पहुंचने पर छात्र-छात्राओं और शिक्षकों में बेहद हर्ष का माहौल देखने को मिला। स्वतंत्रता दिवस पर माइक व साउंड सिस्टम के अभाव को देखते हुए गोवर्धन सिंह ने विद्यालय को डीजे सिस्टम भेंट करने की घोषणा की थी। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में एसएमसी अध्यक्ष गोपालसिंह, संस्था प्रधान शिवराज सिंह सिसोदिया, विमल बैरवा, रमेश प्रजापत, नरेन्द्र सिंह चुंडावत, घीसाराम चौधरी, बालकिशन मीना, सुबोध कुमार, मोनिका पुरोहित सहित ग्रामीण मौजूद थे।

### छात्राओं को मिली टेबल-कुर्सी और आरओ की सौगात: रिटायर्ड शिक्षक भंवरलाल कलाल ने 1.27 लाख रुपए का दिया सहयोग

जयवर्द्धन न्यूज

**देवगढ़।** शिक्षा के मंदिर में विद्यार्थियों की सहूलियत और बेहतर भविष्य के लिए सेवानिवृत्त शिक्षक समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनकर सामने आ रहे हैं। पीपली नगर स्कूल में सेवानिवृत्त अध्यापक भंवरलाल कलाल ने अपनी निजी राशि से विद्यालय में बच्चों की सुविधा के लिए बेहतरीन पहल की है। रिटायर्ड अध्यापक कलाल ने 1 लाख 27 हजार रुपए की लागत से छात्राओं के बैठने के लिए टेबल-कुर्सी और पीने के शुद्ध पानी के लिए विद्यालय में आरओ मशीन भेंट की है। गौरतलब है कि कलाल क्षेत्र में होने वाले विभिन्न सामाजिक आयोजनों और खेल प्रतियोगिताओं में निरंतर अपना आर्थिक व नैतिक सहयोग प्रदान करते रहते हैं। अपनी इस पहल पर बात करते हुए अध्यापक कलाल ने कहा कि वे स्वयं एक शिक्षक रहे हैं और जीवन भर बच्चों को पढ़ाते आए हैं। विद्यालय में बच्चों को मूलभूत सुविधाओं के बिना परेशानी में देखकर उनसे रहा नहीं गया, जिसके बाद उन्होंने अपने स्तर पर बच्चों की सुविधा के लिए यह कदम उठाने का फैसला किया। कलाल की इस अनूठी पहल की पीपली नगर सहित पूरे आसपास के क्षेत्र में जमकर सराहना हो रही है।

# स्वतंत्रता सेनानी देवेंद्र काका की 20वीं पुण्यतिथि: साहित्यकार अफजल देवेंद्र पुरस्कार से अलंकृत

## - विराट पायक को मिला देवेंद्र बाल प्रतिभा पुरस्कार




जयवर्द्धन न्यूज

**राजसमंद।** स्वतंत्रता सेनानी एवं गांधी सेवा सदन के संस्थापक देवेंद्र कुमार कर्णावट की स्मृति में आयोजित 20वें देवेंद्र पुरस्कार समारोह में प्रमुख कवि व साहित्यकार अफजल खान अफजल को देवेंद्र पुरस्कार 2026 से अलंकृत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गांधी सेवा सदन के कार्यकारी अध्यक्ष ललित बड़ोला ने की। सम्मान ग्रहण करते हुए साहित्यकार अफजल खान अफजल ने अपने संस्मरण साझा करते हुए कहा कि सुखी, शिक्षित और विकसित राजसमंद के स्वप्नद्रष्टा देवेंद्र काका अजातशत्रु थे। राजसमंदवासी उन्हें आदर से काका कहकर पुकारते थे और वे वास्तव में सभी धर्मों व सम्प्रदायों का आदर करने वाले सर्वप्रिय व्यक्तित्व थे। उन्होंने बताया मुझे वर्ष 1965-66 में नौ चौकी पर आयोजित किसान सम्मेलन में मेरी पहली कविता हमारा प्यारा राजस्थान सुनकर काका ने प्रोत्साहित किया और गांधी सेवा सदन बुलाकर मेरी कविताओं को विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित करवाया। समारोह के दौरान बाल निकेतन के प्रतिभावान विद्यार्थियों को देवेंद्र बाल प्रतिभा पुरस्कार प्रदान किया गया। छात्र विराट पायक को 10 हजार रुपये तथा ध्रुव खंडेलवाल व समरवीर सिंह चौहान को पांच-पांच हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि एवं ताम्र प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**बाल गायकों ने देशभक्ति गीतों की संगीतमय दी प्रस्तुति**

संस्थान के ट्रस्टी गुणसागर कर्णावट, कार्यकारी अध्यक्ष ललित बड़ोला, डूंगरसिंह कर्णावट, उपाध्यक्ष गणपत धर्मावत एवं मधुसूदन व्यास ने साहित्यकार अफजल खान अफजल को ताम्र प्रशस्ति पत्र, शॉल, साहित्य एवं 21 हजार रुपये का चेक भेंट कर सम्मानित किया। उपाध्यक्ष मधुसूदन व्यास ने कहा कि देवेंद्र काका भले ही आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन गांधी सेवा सदन के कण-कण में उनकी उपस्थिति महसूस होती है। उपाध्यक्ष गणपत धर्मावत ने कहा कि महात्मा गांधी और बाल मनोवैज्ञानिक गिज्जू भाई के विचारों से प्रेरित होकर काका ने गांधी सेवा सदन की स्थापना की थी। ट्रस्टी डूंगरसिंह कर्णावट ने स्वतंत्रता आंदोलन में काका के योगदान को याद करते हुए बताया कि आजादी से पूर्व वे रात-रात भर जागकर अपने हाथों से दीवार समाचार पत्र तैयार कर सार्वजनिक स्थानों पर लगाते थे ताकि जन-जन में स्वतंत्रता की अलख जग सके। संचालन चावली चौधरी ने किया तथा राजेश पाल ने सभी सम्मान प्राप्तकर्ताओं का परिचय दिया। समारोह में बाल गायकों ने अणुव्रत गीत व देशभक्ति गीतों की संगीतमय प्रस्तुति दी।

# श्रीनाथजी मंदिर थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई: चांदी के आभूषण लेकर फरार बस चालक गिरफ्तार

जयवर्द्धन न्यूज

### 2137 ग्राम चांदी बरामद

**नाथद्वारा।** एसपी हेमंत कलाल के निर्देशन, एएसपी महेंद्र पारीक एवं वृत्त अधिकारी शिप्रा राजावत के सुपरविजन में श्रीनाथजी मंदिर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बस से पार्सल चोरी कर फरार हुए चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए 2137 ग्राम चांदी के आभूषण बरामद कर लिए हैं। प्रार्थी रौनक जैन पुत्र प्रकाश जैन निवासी कर्मचारी कॉलोनी नाथद्वारा ने थाना श्रीनाथजी मंदिर पर उपस्थित होकर एक लिखित रिपोर्ट पेश की। रिपोर्ट में बताया गया कि 21 अगस्त को शाम 5 बजे एसबीआई बैंक के बाहर से चंडीगढ़ जाने वाली राम दलाल बस में लालन के श्रृंगार के सामान के दो पार्सल भेजे गए थे। इनमें से एक पार्सल का वजन 1040 ग्राम और दूसरे का 1097 ग्राम था। चंडीगढ़ में संबंधित पार्टी को पार्सल नहीं मिलने पर जब बस चालक गोटू सिंह को फोन किया गया तो उसका मोबाइल बंद आया, जिस पर बस चालक दोनों पार्सल लेकर रास्ते में फरार हो गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना श्रीनाथजी मंदिर में भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। थाना स्तर पर टीम गठित कर आसपास के क्षेत्रों व मुखबिरों से जानकारी जुटाई गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदिग्ध बस चालक गोटू सिंह (34) पुत्र भैरूसिंह निवासी खरवड़ों का गुड़ा, ढूंढी, पुलिस थाना सायरा जिला उदयपुर को डिटेन कर गहनता से पूछताछ की। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी की निशानदेही से चोरी किए गए संपूर्ण 2137 ग्राम चांदी के आभूषण बरामद कर लिए गए। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। थानाधिकारी विक्रम सिंह के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक कालूराम, हेड कांस्टेबल शिवदर्शन सिंह, रामकरण, प्रियदर्शी, कांस्टेबल रवि कुमार, बनवारीलाल, शिशुपाल, कमलेश, राहुल तथा साइबर सेल के सहायक उप निरीक्षक शंभूप्रताप सिंह व कांस्टेबल इंद्रचंद की सराहनीय भूमिका रही।

# विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2027 - विकसित भारत क्विज़ के साथ शुरू

## - युवाओं को विकसित भारत के लिए अपने विचार प्रस्तुत करने का मिलेगा अवसर

जयवर्द्धन न्यूज

**राजसमंद।** केंद्र सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा माय भारत पोर्टल पर विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं के नवाचारों एवं नीति निर्धारण में युवाओं के विचारों को शामिल करना है। प्रतियोगिता के विभिन्न चरणों के उपरांत चयनित युवाओं को प्रधानमंत्री के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। जिला युवा अधिकारी हेमंत कुमार मथुरिया ने बताया की माय भारत पोर्टल पर विकसित भारत क्विज से शुरुआत की गई है। विकसित भारत चैलेंज ट्रैक के पहले चरण के रूप में विकसित भारत क्विज का आयोजन 17 अगस्त से 30 सितंबर 2026 तक माय भारत पोर्टल पर किया जा रहा है। जिसमें 15 से 29 आयु वर्ग के युवा माय भारत पोर्टल पर डिजिटल रूप से क्विज में भाग ले सकेंगे। अधिकतम चार लाख प्रतिभागियों में से शीर्ष 10 प्रतिशत प्रतिभागी अगले चरण विकसित भारत निबंध प्रतियोगिता के लिए अर्हता प्राप्त करेंगे। चयनित प्रतिभागियों को माय भारत पोर्टल के माध्यम से निर्धारित विकसित भारत के 10 विषयों पर 500 शब्दों का निबंध प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने बताया की क्विज से लेकर जिला और राज्य स्तरीय चैंपियनशिप तक विकसित भारत क्विज, निबंध राउंड, जिला चैम्पियनशिप, राज्य /केंद्रशासित प्रदेश वीबीवाईएलडी, राष्ट्रीय वीबीवाईएलडी होगी। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रत्येक जिले से शीर्ष 50 निबंधों को पीपीटी राउंड के लिए चुना जाएगा। प्रत्येक जिले से शीर्ष दो प्रस्तुतकर्ता राज्य स्तरीय वीबीवाईएलडी प्रतियोगिता के लिए अर्हता प्राप्त करेंगे। जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं 10 से 16 नवंबर 2026 तक होंगी। सभी छह श्रेणियों में चयनित राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों की टीमें राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी। विकसित भारत चैलेंज के तहत क्षेत्रीय टीमें अपने विचार संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञों, सचिवों इत्यादी के समक्ष प्रस्तुत करेंगी और क्षेत्रीय फाइनलिस्टों को राष्ट्रीय कार्यक्रम मे प्रस्तुति देने का अवसर मिलेगा। महत्वपूर्ण तिथियां जो तय की गई है जिसमें विकसित भारत क्विज :17 अगस्त - 30 सितंबर 2026 विकसित भारत निबंध चुनौती: 05 - 19 अक्टूबर 2026, जिला चैंपियनशिप: 10-16 नवंबर 2026, राज्य/केंद्र शासित प्रदेश वीबीवाईएलडी : 17 नवंबर - 7 दिसंबर 2026, राष्ट्रीय वीबीवाईएलडी, नई दिल्ली में 10-12 जनवरी 2027 तक आयोजित की जाएगी।

# वाल्मीकि बस्ती के बच्चों संग सादगी से मनाया पायलट और जाखड़ का जन्मदिन

जयवर्द्धन न्यूज



**राजसमंद।** एआईसीसी महासचिव सचिन पायलट एवं एनएसयूआई राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ का जन्मदिन एनएसयूआई प्रदेश महासचिव शशांक कलोशिया के नेतृत्व में वाल्मीकि बस्ती में बच्चों के साथ सादगीपूर्ण तरीके से मनाया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने बच्चों को मिठाई बांटी तथा उनके संग समय बिताकर खुशियां साझा कीं। इस दौरान मनीष कलोशिया, निर्मल मोटा, विशाल आदिवाल, भावेश जावा, विशाल कलोशिया, ऋतिक, प्रिंस और दक्ष सहित कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यकर्ताओं ने कहा कि सेवा और सद्भाव ही सच्चे मायने में जननेताओं के विचारों को जमीन पर उतारने का माध्यम है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक ललिता कुंवर के लिये मुद्रक वेदान्त प्रभाकर द्वारा मेधा कम्प्यूटर्स, नंद भवन, कांवाखेड़ा पार्क के पास, भीलवाड़ा से मुद्रित व ग्राम बागोटा, डाकघर सांगठकला जिला राजसमंद, राजस्थान - 313324 से प्रकाशित। संपादक - लक्ष्मण सिंह राठौड़। पत्र पंजीयन संख्या आर.एन.आई. RJBIL/26/A5478। सभी प्रकार के प्रसंगो का न्याय क्षेत्र राजसमंद ही रहेगा।